हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

07 पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित निस्तारण...



08 पंजीयन के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर, अधिकारियों...



खबर संक्षेप

अभिलेखों में लिपिकीय त्रुटियों का होगा सुधार

सीहोर। स्वामित्व योजना अंतर्गत निर्मित अधिकार अभिलेखों में लिपिकीय एवं लेखन संबंधी सूक्ष्म त्रुटियों के सुधार के संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, स्वामित्व योजना के अधिकार अभिलेखों में भूमिधारक के नाम एवं पिता के नाम जैसी प्रविष्टियों में लिपिकीय त्रुटियों के संशोधन के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 113 के अंतर्गत अधिकृत किया गया है। सभी अनुविभागीय अधिकारी प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए संबंधित पक्षों को समुचित सुनवाई का अवसर प्रदान करेंगे तथा प्रकरणों में विधि-सम्मत आदेश पारित करेंगे।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 को

सीहोर। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को प्रदेश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस दिन राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान का स्मरण करने तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जन-जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाए जाने के साथ ही जिला मुख्यालयों पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा।

सत्यसाईं यूनिवर्सिटी के पास अज्ञात जानवर की मौजूदगी से हड़कंप

जंगली जानवर का आतंकः खेत पर बंधी गाय का किया शिकार, मिले पगमार्ग

घटना की जानकारी जुटाने के लिए जब उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का प्रयास किया तो पता चला कि कैमरे बंद पड़े थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सत्यसाईं यूनिवर्सिटी के पास जंगली जानवर की मौजूदगी से हडक़ंप मच गया है। पचामा दरगाह के पास स्थित एक खेत में कुएं पर बंधी गाय को किसी अज्ञात जंगली जानवर ने अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद से किसानों और छात्र-छात्राओं में भारी दहशत का माहौल है। किसान सन्नी यादव और मनीष यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका खेत पचामा दरगाह के पास स्थित है। खेत पर बने कुएं के पास उन्होंने अपनी गाय बांध रखी थी। किसान के मुताबिक रात करीब 3 बजे जब वे उठे थे, तब गाय बिल्कुल सुरक्षित और वहीं बंधी हुई थी। इसके बाद सुबह 4 से 5 बजे के बीच यह घटना घटी। जब वे दोबारा वहां पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि गाय का क्षत-विक्षप्त शव पड़ा हुआ है और आसपास जंगली जानवर के पगमार्ग मौजूद हैं।

बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे

किसान ने बताया कि घटना की जानकारी जुटाने के लिए जब उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का प्रयास किया तो पता चला कि कैमरे बंद पड़े थे। यदि कैमरे चालू होते तो जानवर की सही पहचान आसानी से हो जाती।



हजारों छात्र-छात्राओं का है आना-जाना

बता दें सत्यसाईं यूनिवर्सिटी का यह पूरा क्षेत्र काफी संवेदनशील माना जाता है। यहां रोजाना हजारों की संख्या में दूर-दूर से छात्र-छात्राएं पढऩे के लिए आते हैं। कॉलेज और यूनिवर्सिटी कैंपस के पास इस तरह खुले में जंगली जानवर द्वारा मवेशी का शिकार किए जाने से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की सुरक्षा पर भी बड़ा सवालिया निशान लग गया है।

अवधपुरी में दी थी बाघ ने दस्तक

गौरतलब है कि महज एक महीने पहले ही अवधपुरी क्षेत्र में एक बाघ ने अपनी दस्तक दी थी। वह बाघ एक किसान के घर में घुसते हुए, खेत से होता हुआ रेलवे पटरियों के किनारे-किनारे भागा था। उस दौरान वन विभाग की टीम ने काफी दिनों तक कॉम्बिंग और सर्चिंग ऑपरेशन चलाया था, लेकिन बाघ का कोई पुख्ता सुराग हाथ नहीं लग सका था।



वन विभाग से सुरक्षा की मांग

अब एक बार फिर सत्यसाईं कॉलेज के पास जंगली जानवर द्वारा गाय को शिकार बनाए जाने की इस घटना ने पुरानी दहशत को ताजा कर दिया है। क्षेत्र के लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सर्चिंग टीम भेजी जाए, पगमार्गों की जांच कर जानवर की पहचान की जाए और इलाके में गश्त बढ़ाई जाए ताकि किसी भी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके।

मौके पर पहुंची डॉक्टरों की टीम

डिप्टी रेंजर विजय कसोटिया ने बताया कि जानकारी मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंच गई थी, पशु चिकित्सक भी मौके पर पहुंचे हैं, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि गाय की मौत कैसे हुई।

दीपावली पर शहर की सफाई व्यवस्था हो सकती है ठप

सफाईकर्मियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इछावर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की नाराजगी अब खुलकर सामने आ गई है। पिछले 3 से 4 साल से वेतन से काटी जा रही पीएफ (भविष्य निधि) की राशि खातों में जमा न होने से नाराज सफाईकर्मियों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। यदि समय रहते मांगें पूरी नहीं हुईं तो इस बार दीपावली पर शहर की सफाई व्यवस्था ठप हो सकती है और गंदगी के बीच पर्व मनाने की नौबत आ सकती है।

राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा के भोपाल संभाग अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने अनुविभागीय अधिकारी और नगर परिषद के सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने प्रशासन को स्पष्ट रूप से 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो समस्त सफाई कर्मचारी शांतिपूर्ण रूप से हड़ताल पर जाने के लिए विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन की होगी।

कर्मचारियों की मुख्य मांगें

कर्मचारियों ने मां की है कि पिछले 3-4 वर्षों से काटे जा रहे पीएफ की जानकारी, यूएएन/पीएफ खाता नंबर और जमा राशि का आधिकारिक विवरण कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाए। कर्मचारियों के वेतन से काटी गई संपूर्ण पीएफ राशि को अविलंब उनके संबंधित खातों में जमा किया जाए। शासन के नियमानुसार कर्मचारियों की बकाया एरियर राशि का त्वरित भुगतान किया जाए। संगठन का कहना है कि नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से शहर को साफ सुथरा रखते हैं, लेकिन पिछले 3-4 सालों से उनके पीएफ खातों में कटौती की गई राशि जमा न होने से उनके भविष्य और आर्थिक सुरक्षा को लेकर गहरा असंतोष और चिंता व्याप्त है।

बजट का अभावः सीएमओ

दूसरी ओर इस मामले में नगर परिषद के सीएमओ का कहना है कि परिषद में बजट का अभाव चल रहा है, जिसके कारण कुछ विलंब हुआ है। हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया है कि यह प्रक्रिया चलन में है और आगामी 15 दिनों के भीतर पीएफ की संपूर्ण राशि कर्मचारियों के खातों में जमा करा दी जाएगी। अब देखने वाली बात यह कि सफाई कर्मचारियों ने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है, जबकि सीएमओ 15 दिन में समाधान की बात कह रहे हैं, वहीं 8 नवंबर को दीपावली है।

मंडी टंकी की पाइपलाइन खराब तीन दिन बाधित रहेगी जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंडी क्षेत्र में स्थित मंडी टंकी की पाइप लाइन खराब हो जाने के कारण क्षेत्र में आगामी तीन दिनों तक पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। पाइपलाइन में आई तकनीकी खराबी के चलते जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होगी। नगर पालिका द्वारा समस्या के समाधान के लिए आवश्यक सुधार कार्य किया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विजय कोहली ने बताया कि मंडी टंकी की पाइपलाइन खराब हो जाने के कारण जलापूर्ति में बाधा उत्पन्न हुई है। पाइपलाइन को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कार्य किया जाना है, जिसके चलते मंडी क्षेत्र में तीन दिन तक पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। नपा के सहायक इंजीनियर विजय कोहली ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जलापूर्ति बाधित रहने की अवधि को ध्यान में रखते हुए नागरिक पानी का आवश्यक भंडारण कर लें तथा पानी का उपयोग सावधानीपूर्वक और जरूरत के अनुसार करें, ताकि इस अवधि में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि नगर



पालिका का प्रयास रहेगा कि पाइपलाइन सुधार कार्य को आवश्यकतानुसार जल्द पूरा कर जलापूर्ति व्यवस्था को पुनः सुचारू किया जाए। नागरिकों से भी सहयोग बनाए रखने की अपील की गई है। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि आगामी तीन दिनों तक पानी की सप्लाई प्रभावित रहने की स्थिति को देखते हुए पहले से ही आवश्यक व्यवस्था कर लें तथा पानी की बर्बादी न करें। पाइपलाइन सुधार कार्य पूर्ण होने के बाद जलापूर्ति व्यवस्था सामान्य करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

लघु उद्योग भारती की जिला इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाला देश का एक मात्र संगठन लघु उद्योग भारती है। लघु उद्योग भारती की जिला इकाई गठन के आयोजित समारोह में यह वक्तव्य लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहे। श्री मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र हित उद्योग हित के विचार को लेकर लघु उद्योग भारती उद्यमियों और सरकार बीच सेतु का कार्य करती हैं..लघु उद्योग भारती का ध्येय युवाओं को नए उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करना एवं जो उद्योग संचालित हैं उनके संचालन में आ रहीं कठिनाईयों का निस्तारण कर उनके लिए अनुकूल वातावरण कराने का कार्य लघु उद्योग भारती करती है।

समारोह में उद्बोधन के उपरांत लघु उद्योग भारती मध्य प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने सीहोर जिला इकाई की घोषणा की जिसमें युवा उद्योग पति प्रांजल रल्हन को सीहोर जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त गया। उपाध्यक्ष के पद पर घनश्याम मेवाडा, अशोक गौर, सचिव पद पर सुनील मालवीय, सह सचिव विजय सेन, कोषाध्यक्ष पद मनीष भट्टर एवं कार्यकारिणी सदस्य हिरदेश गौर, राजू राठौर, राकेश परिहार की घोषणा की गई। इकाई के गठन पर मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष सोबरन सिंह ने कहा कि सीहोर की इकाई के गठन के बाद प्रदेश के सभी जिलों में लघु उद्योग भारती की इकाई गठित हो गई हैं,उन्होंने कहा कि उद्यमी बंधु हर क्षेत्र में चुनौती का सामना कर उद्यमिता से राष्ट्र को शिखर पर ले जाने का संकल्प लेकर कार्य करे। लघु उद्योग भारती के सीहोर जिला संयोजक नवीन सोनी नें सीहोर जिला इकाई गठन पर नवनिर्वाचित इकाई को हार्दिक शुभकामनायें दी।

सीहोर इकाई के गठन समारोह में स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक सुधीर जी दांते, सीहोर नगर के संघचालक भारत सोनी, सुरेश गुप्ता, उमा शर्मा, प्रतिभा शुक्ला, रश्मि गुर्जर, शुभा कामऋषि, प्रियंका शर्मा, विनोद नायर, अरुशेद्र शर्मा , चेतन साहू, गौरव सोडानी, प्रदीप मिश्रा, ईश अरोरा, आशीष शर्मा, नीरज शर्मा, राकेश अवस्थी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, विनीता झा, हरीश जांगिड़, नितिन कामऋषि सहित अनेक गणमान्य लोग एवं उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन दिनेश गुप्ता ने किया संचालन सोनल श्रीवास्तव ने किया।

दस्तावेजों के पंजीयन कार्य की अपर कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अपर कलेक्टर ब्रजेश सक्सेना ने आष्टा में स्वामित्व योजना के अंतर्गत दस्तावेजों के पंजीयन कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पंजीयन कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से ग्रामीण



आबादी क्षेत्र में निवासरत पात्र हितग्राहियों को उनकी संपत्ति के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाते हैं।अपर कलेक्टर श्री सक्सेना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीयन कार्य में तेजी लाते हुए पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिए मैदानी अमला आपसी समन्वय से कार्य करे तथा पंजीयन के दौरान आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। बैठक में एसडीएम आष्टा महेन्द्र प्रताप सिंह किरार तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई होती है तो विपक्ष को होती है तकलीफः विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यूथ देश के भविष्य हैं।अराजक गुंडा तत्व यूथ के माइंड को डायवर्ट कर देते हैं। विरोधियों से यूथ को सावधान सतर्क रहने की जरूरत है। पीएम के मां-बाप को गाली देने वाले लोग सत्ता को तरस रहे हैं उक्त बात गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा युवा संवाद विकसित भारत अभियान के अंतर्गत सत्य साईं यूनिवर्सिटी सीहोर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कही। विधायक सुदेश राय ने कहा कि युवा राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं और यह लोग एसआई आर से डर रहे हैं।



फर्जी वोटर गलत राजनीति करने वालों को लाभ पहुंचाते हैं। वोटर लिस्ट संशोधन अति आवश्यक है। भाजपा की यूथ ब्रिगेड राष्ट्रीय हित में सेवा कर रही है। यही बात विरोधियों को हजम नहीं हो रही है। माहौल खराब करने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं। युवाओं को भटका रहे हैं। राष्ट्र निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। युवाओं को सचेत रहना है। विकसित भारत के लिए खूब पढ़ाई लिखाई करना है। अपने गांव शहर प्रदेश और देश का नाम रोशन करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बिहार क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में युवा प्रदेश में प्रगति पद पर बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर युवा मोर्चा जिला प्रभारी आनंद पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सत्य साईं यूनिवर्सिटी के प्राचार्य और प्रोफेसर सहित अन्य स्टाफ सदस्यों युवाओं के द्वारा विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

आग ने छीनी थीं खुशियां, टीम संडे का सुकून और उंगली ग्रुप ने की पहल

अब धूमधाम से होगी अग्निपीड़ित जैन परिवार की बेटी की शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुसीबत जब अचानक दस्तक देती है तो इंसान को चारों तरफ अंधेरा नजर आने लगता है। कुछ ऐसा ही दर्दनाक हादसा हाल ही में शहर के बढिय़ाखेड़ी के पास अंजनी धाम कॉलोनी में रहने वाले एक जैन परिवार के साथ हुआ। सोमवार शाम को अचानक लगी आग ने इस परिवार की खुशियां और मेहनत की कमाई पल भर में खाक कर दी थी, लेकिन शहर के सामाजिक संगठनों और शहर के लोगों ने इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की कि पीड़ित परिवार के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई है। बता दें अंजनी धाम कॉलोनी में रहने वाले ऑटो चालक दिनेश जैन के घर बीते सोमवार को अचानक आग लग गई थी। इस भीषण आगजनी में घर का सारा गृहस्थी का सामान तो जला ही साथ ही सबसे बड़ा दर्द यह था कि दिनेश की बहन के दिसंबर में होने वाले विवाह के लिए जो कपड़े, गहने और अन्य सामान बड़ी मेहनत से जोडक़र रखे थे, वे भी पूरी तरह जलकर खाक हो गए। शादी की तैयारियों में जुटा यह परिवार इस घटना के बाद पूरी तरह टूट गया था। उनके सामने सबसे बड़ा



सवाल यह था कि अब बहन की शादी कैसे होगी।

पीड़ित के लिए टीम संडे का सुकून-उंगली ग्रुप बने उम्मीद की किरण

मुश्किल की इस घड़ी में शहर की सामाजिक संस्था टीम संडे का सुकून और उंगली ग्रुप उम्मीद बनकर आगे आए। टीम संडे का सुकून संस्था ने परिवार की मदद का बीड़ा उठाया और सोशल मीडिया पर अपील की। देखते ही देखते कुछ ही घंटों में मदद की राशि 1 लाख 16 हजार रुपये तक पहुंच गई, इसमें संस्था के सदस्यों द्वारा भी सहयोग किया गया। संस्था ने इसमें अपनी तरफ से 5 हजार रुपये और मिलाए। इस तरह कुल 1 लाख 21 हजार रुपये की सहायता राशि तैयार हो गई, जिसका चेक गुरुवार को पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया। दूसरी तरफ शहर के सामाजिक संगठन उंगली ग्रुप ने भी पीड़ित परिवार के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम चलाई। उंगली ग्रुप की इस अपील पर भी शहरवासियों ने दिल खोलकर सहयोग किया और करीब 1 लाख रुपये तक की मदद पीड़ित परिवार तक पहुंचाई गई।

चीन से भी पहुंची मदद

इस मानवीय पहल का असर सिर्फ सीहोर शहर तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसकी गूंज सात समंदर पार चीन तक पहुंच गई। चीन में रह रहे सीहोर के एक युवक ने भी इस दुख की घड़ी में जैन परिवार की मदद के लिए राशि भेजी। गुरुवार को संस्थाओं के सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर आर्थिक सहायता तो पहुंचाई ही साथ ही नागरिकों ने घर की गृहस्थी का जरूरी सामान और बहन के विवाह के लिए आवश्यक सामग्री भी परिवार को उपलब्ध कराई। जब परिवार के हाथों में यह मदद पहुंची तो उनकी आंखों में आंसू थे, लेकिन इस बार ये आंसू निराशा के नहीं, बल्कि उम्मीद और राहत के थे। पीड़ित परिवार ने टीम संडे का सुकून, उंगली ग्रुप और शहर के सभी मददगारों को धन्यवाद दिया है।

दुग्ध प्रतियोगिता में राजेश की गाय ने जीता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के अंतर्गत वृंदावन ग्राम श्यामपुर में आयोजित देशी गायों की दुग्ध प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में राजेश पाटीदार पिता मुरलीधर पाटीदार की गिर नस्ल की गाय ने सर्वाधिक 14.266 लीटर दूध देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और एक लाख रुपये का पुरस्कार जीता। प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 अक्टूबर 2026 तक किया गया। इसका उद्देश्य देशी नस्ल की गायों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना और पशुपालकों को प्रोत्साहित करना है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम विधायक प्रतिनिधि श्री गोविंद पाटीदार के मुख्य आतिथ्य तथा जनपद सदस्य विनोद परिहार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मिल्किंग समिति के डॉ. जी.डी. माहोर, डॉ. तनवीर सिद्दीकी, डॉ. गुरुदत्त दोनेरिया, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी करण सिंह लबाना, रमेश मालवीय, मुकेश हिंडोलिया, पियूष द्विवेदी, सतीश पटेल, देवेंद्र मेवाड़ा एवं अजय कुमार ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एस.एल. हिंडोलिया ने किया।

खबर संक्षेप

आंगनबाड़ी केंद्रों और विभागीय संस्थाओं में चलेगा स्वच्छता अभियान

सीहोर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 30 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी एक दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार 'विशेष अभियान 6.0' के अंतर्गत प्रदेश के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों, बाल देखरेख संस्थाओं, वन स्टॉप सेंटर, सखी निवास और शक्ति सदन में व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य विभागीय संस्थाओं को स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाना है। अभियान के अंतर्गत मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 से जुड़े जिला एवं परियोजना कार्यालयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष साफ-सफाई की जाएगी। कार्यालयों और केंद्रों के सौंदर्यीकरण के लिए आकर्षक वॉल पेंटिंग, रंग-रोगन, आवश्यक मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। परिसर में अनुपयोगी एवं अव्यवस्थित स्थानों को व्यवस्थित कर उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। इसके अंतर्गत पौधरोपण, जैविक कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन तथा इलेक्ट्रॉनिक कचरे के संग्रहण, पृथक्करण और सुरक्षित निपटान जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत परिसरों की विशेष साफ-सफाई की जाएगी।

मिलावटखोरों पर खाद्यय विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

होटलों व दूध डेयरी पर धड़ल्ले से बिक रहा मिलावटी मावा, पनीर और दूध

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की उदासीनता के चलते क्षेत्र में मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



इस समय त्योहारी सीजन और आम दिनों में नगर के कई होटलों , मिठाई भंडारों और डेरियों में दूध, पनीर, मावा और मिठाइयों में जमकर मिलावट का खेल चल रहा है। जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके बावजूद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग कुंभकर्णी नींद सो रहा है, इसके चलते मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। नगर में दर्जन भर से अधिक होटल, मिठाई भंडार और डेरिया संचालित हो रही है। इनमें से कई दुकानों पर मिलावटी उत्पादों की बिक्री की जा रही हैं। स्थिति यह है कि बिकने वाले मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों (मावा, पनीर, और मिठाइयां) में खतरनाक केमिकल्स, यूरिया, स्टार्च और डिटर्जेंट जैसी अमानक सामग्रियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन जहरीली चीजों के सेवन से क्षेत्र के लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोग पेट संबंधी बीमारियां, पीलिया और फूड पॉइजनिंग जैसी गंभीर समस्याओं का शिकार हो रहे हैं।

विभाग की उदासीनता पर उठ रहे सवाल

लोगों का कहना है कि इस बारे मे स्थानीय प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग को सब कुछ पता होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग की यह उदासीनता कई तरह के संदेहास्पद सवाल खड़े करती है। लोगों का कहना है कि क्या विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है? समय-समय पर शहर की दुकानों से सैंपल लेने की औपचारिकता भी पूरी नहीं की जा रही है, लेकिन कार्रवाई आज तक किसी के खिलाफ नहीं हो पाई है। जिससे



मिलावटखोरों को खुली छूट मिल गई है। नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने जिला कलेक्टर और खाद्य सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि तत्काल प्रभाव से नगर के होटलों, डेयरियों और मिष्ठान दुकानों की औचक जांच की जाए। खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाए और मिलावट का काला कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता के जीवन से खिलवाड़ रोका जा सके।

कार्रवाई की जाएगी

पिछले दिन ही राजस्थान मिष्ठान भंडार से मिठाई के सैम्पल लिए गए हैं। अगले सप्ताह से अभियान चलाकर सभी संस्थाओं से जांच एवं उत्पादों के सैम्पल कलेक्ट कर जांच के लिए भेजे जाएंगे। जिनके सैम्पल में अमानक या मिलावटी पाए जाते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

दीपाली कांगे, फूड इंस्पेक्टर

रेहटी पुलिस ने गांजा के साथ आरोपी को पकड़ा

दूसरे व्यक्ति की तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत रेहटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 390 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत करीब 3500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कृपाराम पिता मदनलाल वाल्मीक (36 वर्ष), निवासी ग्राम बरखेड़ा, थाना रेहटी के कब्जे से 390 ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि गांजा उसे कलवाना निवासी सुशील बरखने ने उपलब्ध कराया था। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति की तलाश की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा बुधनी अनुभाग के एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में निरीक्षक हिमलेन्द्र पटेल, सहायक उपनिरीक्षक गंगाप्रसाद साहू, प्रधान आरक्षक उग्रसेन गौतम, आरक्षक अभिषेक, रविन्द्र जाट, शिवम तथा महिला आरक्षक निकिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आज से आरंभ होगी फुटबॉल प्रतियोगिता

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में शुक्रवार से होने वाली जिला स्तरीय सीनियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 3 बजे से इछावर-आरएसआई के मध्य खेला जाएगा। इस मौके पर संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, समाजसेवी मधुर विजयवर्गीय, एसोसिएशन के सचिव आनंद उपाध्याय, कमलेश अग्रवाल, मनोज कन्नोजिया आदि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

अंडर-15 क्रिकेट फाइनल में भोपाल का धमाका सीहोर को 287 रन से हराकर जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भोपाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीहोर को 287 रन के विशाल अंतर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मुकाबले में भोपाल के बल्लेबाजों ने दमदार पारियां खेलकर बड़ा स्कोर खड़ा किया, वहीं गेंदबाजों ने भी प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सीहोर की टीम को लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया। भोपाल की जीत में अभिषेक यादव और युवराज के शानदार शतकों के साथ केतन रेवडिकर की बेहतरीन गेंदबाजी अहम रही। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भोपाल के केतन रेवडिकर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में किया गया। फाइनल मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह रहा।

दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर अपना दमखम दिखाया, लेकिन भोपाल की बल्लेबाजी और गेंदबाजी के सामने सीहोर की टीम मुकाबले में पिछड़ गई। प्रतियोगिता के दौरान मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पर्यवेक्षक पुनीत चतुर्वेदी, बीडीसीए पर्यवेक्षक मुजीदउद्दीन, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, चयनकर्ता आशीष शर्मा, निर्णायक नागेन्द्र व्यास, भोपाल टीम के कोच पंकज ठाकुर, सीहोर टीम के कोच अतुल त्रिवेदी, मनोज दीक्षित मामा, आशीष मेवाड़ा, अतुल कुशवाहा, आदर्श राय, मदन कुशवाहा, हेमंत केसरिया, कमलेश, सुनील जलोदिया, वरुण शर्मा, अजय चंदेल, हमजा और गौरव पिचौनिया सहित अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन भोपाल की टीम ने पहली पारी को आगे बढ़ाते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 382 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने शानदार तालमेल के साथ बल्लेबाजी की और सीहोर के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। भोपाल की ओर से अभिषेक यादव ने 192 गेंदों का सामना करते हुए 119 रन की शानदार पारी खेली। वहीं युवराज ने 155 गेंदों में 114 रन बनाकर टीम के बड़े स्कोर में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दिव्यांश गोयल ने 104 गेंदों पर 75 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि वेदांश ने 75 गेंदों में 45 रन बनाए। इन पारियों की बदौलत भोपाल ने सीहोर के सामने मजबूत चुनौती पेश की।

सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रियांश मालवीय और पृथ्वीराज ने एक-एक विकेट हासिल किया। हालांकि भोपाल के बल्लेबाजों ने लगातार रन बनाते हुए अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि फाइनल मुकाबले के पहले दिन सीहोर की टीम ने पहले बल्लेबाजी की थी, लेकिन भोपाल के गेंदबाजों के सामने टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। सीहोर की पूरी टीम 66.2 ओवर में 96 रन बनाकर आउट हो गई। सीहोर की ओर से आनंद मेवाड़ा ने 46 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिल सका। इसके बाद भोपाल ने बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन एक विकेट के नुकसान पर 108 रन बना लिए थे। दूसरे दिन टीम ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया और तीन विकेट पर 382 रन बनाकर मजबूत स्थिति हासिल की। भोपाल के बल्लेबाजों की शानदार पारियों और गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन ने मुकाबले का रुख टीम के पक्ष में कर दिया। फाइनल मुकाबले में भोपाल की जीत में गेंदबाज केतन रेवडिकर की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। भोपाल के खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताबी जीत दिलाई।

जिला स्तर पर आयोजित होंगे कार्यक्रम, निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य समारोह' भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में भव्य स्तर पर एक नवम्बर सोमवार को मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अवधारणा अनुसार इस बार स्थापना दिवस 3 दिवसीय होगा। समारोह का सभी जिलों में भी आयोजन होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने आयोजन के संबंध में सभी कलेक्टर और कमिश्नर को निर्देश जारी किए हैं। मंचीय कार्यक्रम एवं सुगम संगीत के लिए प्रतिष्ठित कलाकार की प्रस्तुति एवं समापन भव्य आतिशबाजी से किया जायेगा।

कार्यक्रम स्थल में 1 से 3 नवम्बर तक संस्कृति के विषयों के साथ कृषि एवं उससे जुड़े अनुषांगिक विषयों पर केन्द्रित प्रदर्शनी तीन दिवस के लिए आयोजित की जायेगी। स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित गौरवशाली व्यक्तित्वों एवं उपलब्धियों पर केंद्रित गतिविधियाँ, जिला उत्पादों का प्रदर्शन और उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी। जिला कलेक्टर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को प्रभारी मंत्री परामर्श से अंतिम रूप देंगे।

स्थापना दिवस पर शासकीय भवनों पर प्रकाश व्यवस्था 1 नवम्बर 2026 की रात्रि में जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख शासकीय भवनों पर भी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। राज्य शासन के समस्त प्रमुख भवनों पर प्रकाश व्यवस्था करने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख की रहेगी। समारोह में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों, जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, मीसाबंदियों, शहीद सैनिकों के परिवारों और महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित करने वाले स्व-सहायता समूहों एवं स्टार्टअप के पदाधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। समारोह में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

समस्त कलेक्टर को निर्देश दिये गये हैं कि जिले में स्थापना दिवस समारोह की समस्त तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करते हुए कार्यक्रम का गरिमामय एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करें। आयोजन के संबंध में संबंधित विभागों के मध्य आवश्यक समन्वय स्थापित किया जाए और आयोजन में जिले की सांस्कृतिक विरासत, विशिष्ट उपलब्धियों एवं स्थानीय उत्पादों को समुचित स्थान प्रदान करते हुए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।

विद्यार्थियों को किया गया जागरुक

सीहोर। युवाओं को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशानुसार आईईएस स्कूल में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। जिला तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ. नेहा सिंह एवं डेंटल सर्जन डॉ. निकहत साहिबा ने विद्यार्थियों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी नुकसान की जानकारी दी। साथ ही ई-सिगरेट और वेपिंग के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए इनके सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को तंबाकू एवं ई-सिगरेट से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही विद्यालयों में एंटी-टोबैको क्लब को सक्रिय कर जागरूकता गतिविधियां निरंतर संचालित करने पर जोर दिया गया। तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता अभियान का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाकर उन्हें नशामुक्त एवं स्वस्थ भविष्य की ओर प्रेरित करना है।

उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, कालाबाजारी पर कार्रवाई के लिए सतत निगरानी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा मांग, आपूर्ति, उपलब्ध स्टॉक एवं वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जा रही है। कृषि विभाग के अनुसार 28 अक्टूबर 2026 की स्थिति में जिले में 18,027.97 मीट्रिक टन यूरिया, 5,733.15 मीट्रिक टन डीएपी, 7,973.10 मीट्रिक टन एनपीके तथा 9,173.87 मीट्रिक टन एसएसपी उर्वरक उपलब्ध है।

एक अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक किसानों को 14,263 मीट्रिक टन यूरिया, 7,128 मीट्रिक टन डीएपी, 2,934 मीट्रिक टन एनपीके तथा 4,105 मीट्रिक टन एसएसपी का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग द्वारा उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण कर निर्धारित दरों एवं नियमों के पालन की निगरानी की जा रही है। खरीफ अवधि से अब तक उर्वरक के 349, बीज के 445 तथा कीटनाशक के 14 नमूने लिए गए हैं। खाद, बीज एवं कीटनाशक के कुल 794 नमूनों में से 26 नमूने अमानक पाए गए। संबंधित संस्थानों एवं कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ विक्रय प्रतिबंधित करने की कार्रवाई की गई है। विभाग द्वारा अब तक कुल 22 लाइसेंस निलंबित किए गए, 6 मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई तथा 2 लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए शासन के निर्देशानुसार ई-टोकन प्रणाली से खाद का विक्रय किया जा रहा है। टोकन पर उर्वरक का नाम, बोरियों की संख्या और कीमत दर्ज रहती है, जिसके अनुसार किसान भुगतान कर खाद प्राप्त करते हैं।

विभाग ने किसानों से खाद खरीदते समय विक्रय रसीद अनिवार्य रूप से लेने की अपील की है। यदि कोई विक्रेता टोकन पर अंकित राशि से अधिक पैसे मांगता है या अनावश्यक रूप से खाद देने से इनकार करता है, तो किसान संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को शिकायत कर सकते हैं। उर्वरक विक्रेताओं के भौतिक स्टॉक और अभिलेखों का नियमित मिलान किया जा रहा है। स्टॉक में अंतर, अनियमित बिक्री या अवैध भंडारण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसानों की शिकायतों के निराकरण एवं अनियमितताओं पर नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सतत निगरानी जारी रहेगी।

महोड़िया में आज शिविर होगा आयोजित

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर को महोड़िया में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं।

कुबेरेश्वरधाम में दीपावली पर जगमगाएंगे हजारों दीप

अभिषेक के बाद होगा खजाना पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में दीपावली का पर्व इस वर्ष भी आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। दीपोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर हजारों दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। वहीं, आगामी 8 नवंबर को बाबा कुबेर भंडारी का अभिषेक-पूजन और खजाना पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। पर्व को लेकर अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति और श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। दीपावली के मद्देनजर मंदिर परिसर को आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा।

दीप पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मिट्टी की कला और पारंपरिक दीपों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में हजारों श्रद्धालु धाम पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलित करते हैं। इस वर्ष भी दीपोत्सव को विशेष बनाने की तैयारियां चल रही हैं। कार्तिक मास में कुबेरेश्वरधाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है। दीपावली के साथ रूप चौदस, गोवर्धन पूजा और भाई-दूज सहित पांच दिवसीय दीप पर्व पर विशेष पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियां होंगी। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर आगामी दिनों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। अन्नकूट सनातन धर्म की महत्वपूर्ण परंपराओं में से एक है। इसे गोवर्धन पूजा से भी जोड़कर देखा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को 56 अथवा 108 प्रकार के पकवानों का भोग अर्पित किया जाता है। विभिन्न व्यंजनों से आकर्षक आकृतियां बनाकर भोग सजाया जाता है, जिसे अन्नकूट कहा जाता है।

उन्होंने बताया कि कुबेरेश्वरधाम में संचालित विशाल भोजनशाला में आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई जाती है। दीपावली और अन्नकूट महोत्सव के दौरान भी सेवा और भक्ति की इसी परंपरा के साथ श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। दीपों की जगमगाहट, विशेष पूजन और अन्नकूट महोत्सव के माध्यम से कुबेरेश्वरधाम में दीप पर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा।

कार्यालय नगर परिषद् कोठरी, जिला सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक / / लोक निर्माण / 2026 — दिनांक 28.10.2026

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना चतुर्थ

एतद् द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्यों के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	निर्माण कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशी (रु.लाख में)	कार्य की अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	पूर्णता अवधि (माह)	ऑनलाइन निविदा क्र.	एनआईटी क्रमांक	ठेकेदार की श्रेणी
3	वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मुरुम, चुरी सप्लाई कार्य	9.80	9800	2000	12 माह	2026_UAD_546159_1	1102 दिनांक 28.10.2026	C &above

- कार्यों के निविदा प्रपत्र दिनांक 29.10.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 04.11.2026 समय सायं 06:00 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगे ।
- निविदा में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
- उपरोक्त कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

नगीना राधेश्याम दलपति
अध्यक्ष
नगर परिषद् कोठरी

राहुल शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् कोठरी

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

जमीन, मकान व दुकान को लेकर छोटे भाई की हत्या के दोषी भाई-भाभी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अतुल राज भलावी ने छोटे भाई की हत्या के मामले में दोषी बड़े भाई बाबूलाल पुष्पद और उसकी पत्नी सोना बाई पुष्पद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर तीन-तीन हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। दोनों दोषी कीड़ी रोड, सारंगपुर, जिला राजगढ़ के निवासी हैं। शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना 15 अगस्त 2025 की सुबह करीब 7 बजे की है। जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, उसी दौरान जमीन, मकान और दुकान के किराए से जुड़े विवाद में बाबूलाल और उसकी पत्नी सोना बाई ने अपने छोटे भाई कमल पुष्पद की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। आरोप के अनुसार, सोना बाई ने हत्या में अपने पति का साथ दिया था।


मृतक कमल पुष्पद


दोषी सोना बाई


दोषी बाबूलाल पुष्पद

परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला

घटना की सूचना मिलने पर सारंगपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। मामले में मृतक की माता प्रत्यक्षदर्शी थीं, लेकिन लकवा होने के कारण न्यायालय में उनके बयान दर्ज नहीं हो सके। ऐसे में अभियोजन का पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित रहा। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 18 गवाहों के बयान दर्ज कराए। इसके अलावा आरोपी बाबूलाल से जब्त कुल्हाड़ी और कपड़ों को परीक्षण के लिए एफएसएल भेजा गया था। गवाहों के बयानों और एफएसएल रिपोर्ट सहित प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

मृतक की पत्नी को प्रतिकर दिलाने की अनुशंसा

प्रकरण में मृतक की पत्नी को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ को प्रतिकर प्रदान करने की अनुशंसा भी की गई है। मामले की संपूर्ण विवेचना सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने की, जबकि शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने पैरवी की।

आंख फोड़ने के मामले में चार दोषियों को 5-5 साल का कारावास 25-25 हजार का अर्थदंड लगाया





सारंगपुर। एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसकी आंख फोड़ने के मामले में सारंगपुर न्यायालय ने चार दोषियों को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास और 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह की अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर यह फैसला सुनाया। अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चौहान ने बताया कि ग्राम कड़िया सांसी निवासी अर्जुन, सतवीर, बसंत और चेतन ने 4 अप्रैल 2021 को शाम करीब 5.30 बजे पुरानी रंजिश के चलते एकमत होकर रामनारायण के साथ मारपीट की थी। आरोपियों ने फरसी और लात-घूंसों से हमला किया, जिससे रामनारायण की आंख फूट गई थी। मामले में बोड़ा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया था। प्रकरण की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने चारों को दोषी ठहराया।

ई-कचरा संग्रह अभियान से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित निस्तारण व पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होली एंजल्स किड्स एकेडमी द्वारा ई-कचरा संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से लोगों को पुराने और अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उचित निस्तारण करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

विद्यालय की इस पहल में ई-कचरा संग्रह पात्र में रखा पुराना की-बोर्ड लोगों को यह संदेश देता है कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने के बाद भी उनके सुरक्षित निस्तारण की जिम्मेदारी बनी रहती है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, चार्जर, टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपयोग के बाद ई-कचरे का हिस्सा बन जाते हैं। इन्हें सामान्य कचरे में फेंकने या असुरक्षित तरीके से नष्ट करने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। वहीं, इन उपकरणों में मौजूद कई उपयोगी सामग्रियों को पुनर्चक्रण के माध्यम से दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

ग्राम विकास को लेकर प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न



सारंगपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के अंतर्गत ग्राम बिलोदा पाल में जिला समन्वयक प्रवीण पवार के नेतृत्व में प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए समिति द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में वृक्षारोपण, नवांकुर संस्था के माध्यम से पौधों का वितरण, नारी शक्ति अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों, सुंदरकांड समिति के आयोजन, संस्कार केंद्र के संचालन तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग देने वाले कार्यकर्ताओं के प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही गांव में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य कराने पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को बढ़ावा मिल सके। बैठक की अध्यक्षता ग्राम सरपंच नारायण सिंह ने की।

सनातन धर्म के मूल आदर्शों मंदिरों में चढ़ावे की पारदर्शिता को लेकर निकाली पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के माध्यम से सत्य, न्याय, सदाचार, शांति और धार्मिक आस्था के सम्मान का संदेश दिया जा रहा है। यात्रा से जुड़े संदेश में सनातन धर्म के मूल आदर्शों तथा धर्म के स्वाभिमान की रक्षा के संकल्प पर जोर दिया गया है। यात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह की ओर से मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले दान की पारदर्शिता और जवाबदेही का मुद्दा भी उठाया जा रहा है। राम मंदिर में देशभर के श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चढ़ावे के उपयोग और उससे जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मतदाता अधिकारों और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े विषय भी यात्रा के प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं।यात्रा 28 अक्टूबर को राजगढ़ जिले के खुजनेर पहुंची। नगर में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

गुलावता के पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरू हुई पदयात्रा-निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 28 अक्टूबर को सुबह 8 बजे ग्राम गुलावता स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से पदयात्रा प्रारंभ हुई।

एडवांस किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया उदयपुर का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के एडवांस किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल उदयपुर का भ्रमण किया।इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक स्थलों का अवलोकन कर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किए। विद्यालय के विद्यार्थी बसों के माध्यम से उदयपुर के लिए रवाना हुए। उदयपुर पहुँचने के बाद विद्यार्थियों ने सबसे पहले पिछोला झील, सिटी पैलेस, जगदीश मन्दिर,लोक कला मंडल, बाहुबली हिल्स एवं सात सहेलियों की बाड़ी सहित शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध सिटी मॉल एवं हस्तकला बाजार में खरीदारी की और उदयपुर की संस्कृति एवं स्थानीय कला को करीब से जाना। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मनोरंजन के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों, कला एवं संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।प्रधानाचार्य ई. के. जोशी ने सफल शैक्षणिक भ्रमण के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। भ्रमण के दौरान जो स्टाफ सदस्य साथ थे उन्होंने ने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं सहित उदयपुर की ऐतिहासिक जानकारी भी विशेष तौर पर विधार्थियों को देकर उद्देश्य गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कराना था।इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होते हैं तथा उनमें आत्मनिर्भरता, अनुशासन, आपसी सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।



मंदसौर के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते पदक

4 स्वर्ण और 2 रजत सहित कुल 6 पदक जीतकर जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मुरैना जिले में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू फेडरेशन कप प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक हासिल किए और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया, साथ ही बेस्ट परफॉर्मेंस मेल का अवार्ड भी अपने नाम किया।

मंदसौर जिला कलारीपयट्टू एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय कोठारी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में जिले के 3 खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया और अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से जिले के खेल जगत में हर्ष और उल्लास का माहौल है।

प्रतियोगिता में सोनू मेघवाल ने उरुमी एवं शील्ड में स्वर्ण पदक, तुषार गुर्जर ने उरुमी में स्वर्ण पदक और दिव्यांश सोलंकी ने चौड़ूकल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अलावा दिव्यांश सोलंकी एवं सोनू मेघवाल ने कुरुवडी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किए।

नाहरगढ़ की प्रतिभा डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर



क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि नाहरगढ़ के डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी को भोपाल में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्हें संवाद करने का अवसर भी मिला।

डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी एवं उनकी पत्नी प्रियंका गिरी गोस्वामी को श्री केवल श्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, इंदौर के उत्कृष्ट संचालन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, परिश्रम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही, सफल आयोजन के लिए जी न्यूज मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की पूरी टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने इस उपलब्धि को पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उनके सम्मानित होने की खबर से नाहरगढ़, मंदसौर और इंदौर के शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। विभिन्न लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

किसानों की राह होगी आसान, दहीहांडी मार्ग पर 4.76 करोड़ से बनेगा उच्चस्तरीय पुलः अर्चना चिटनिस



बुरहानपुर। विधायक अर्चना चिटनिस के प्रयासों से दहीहांडी से बड़सिंगी को जोड़ने वाले शाहपुर-संग्रामपुर मार्ग पर 60 मीटर लंबे उच्चस्तरीय पुल का निर्माण होने जा रहा है। इसके लिए 4.76 करोड़ (476.52 लाख) की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है और टेंडर के बाद वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुका है।

बारिश के दौरान इस मार्ग पर पानी भर जाने और बाढ़ आने से आवागमन बंद हो जाता था। इससे सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को होती थी। उन्हें फसल मंडी तक ले जाने में दिक्कत आती थी और ग्रामीणों को भी रोजमर्रा के कामों में बाधा आती थी। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को अर्चना चिटनिस ने गंभीरता से लिया और शासन स्तर पर पहल की, जिसके बाद पुल को मंजूरी मिली। इस पुल के बनने से वर्षाकाल में दहीहांडी, बड़सिंगी और आसपास के गांवों का संपर्क बना रहेगा। किसानों को उपज परिवहन में आसानी होगी और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। पुल निर्माण की स्वीकृति पर अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का आभार व्यक्त किया है।

अकीदत के साथ संपन्न हुआ ऑल इंडिया नातिया मुशायरा

मंदसौर। हजरत बाबा बदीउद्दीन जिंदाशाह मदार रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक के मौके पर मदारपुरा मंदसौर स्थित हजरत दादा मदार रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने (चिल्ला शरीफ़) पर एक भव्य ऑल इंडिया नातिया मुशायरा (तरही) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गद्दीनशीं सूफ़ी मोहतरम मोहम्मद अली शाह की जेरे सरपरस्ती में संपन्न हुआ, जिसकी सदारत प्रसिद्ध लेखक, चिंतक, विचारक एवं शायर एडवोकेट जनाब अख़्तर अली शाह 'अनन्त' साहब (नीमच) ने की और निजामत के फर्ज मोहतरम सूफ़ी हजरत बाबू खां मेव साहब ने बखूबी निभाए। इस मुशायरे में दिए गए तरही मिसरे पर हजरत दादा मदार रहमतुल्लाह अलैह की शान में शायरों ने मनक़बत का नजराना अक़ीदतमंदी और पुरखुलूस अंदाज में पेश किया। अपनी रचनाएं प्रस्तुत करने वाले शायरों में अख़्तर अली शाह, 'अनन्त' , सूफ़ी हजरत बाबू खां मेव , फ़जले हयात (जावरा), इज़हार जबलपुरी, मेराज जबलपुरी, जनाब आरिफ़ अबरार , असद अंसारी , मास्टर सलीम , कलीम शाह , गोपाल बैरागी , अजीजुल्लाह ख़ान ख़ालिद और हूर बानों शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सूफ़ी मोहम्मद अली शाह एवं मेहमूद दीपलिया ने भी हम्द, नात और मनक़बत का नजराना पेश कर महफिल में समां बांध दिया। इसके अलावा, मोहतरम मौलाना सूफ़ी सादिक़ अली ने हजरत दादा मदार रहमतुल्लाह अलैह की सवाने हयात (जीवनी), करामात और उनके ऐतिहासिक पहलुओं पर विस्तार से रोशनी डाली। इस रूहानी और मजलिसी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है मीडियाः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

नवागत कलेक्टर विवेक कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता संपन्न हुई। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के साथ जिले की वर्तमान स्थिति, जनसमस्याओं, विकास की संभावनाओं और प्रशासन की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गयी। कलेक्टर कुमार ने कहा कि मीडिया, शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। मीडिया के माध्यम से जनसमस्याओं एवं जनहित से जुड़े विषयों की जानकारी प्रशासन तक आसानी से पहुंचती है। उन्होंने कहा कि जिले में हो रहे अच्छे कार्यों, सकारात्मक प्रयासों एवं विकास गतिविधियों को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाना चाहिए, ताकि शासन-प्रशासन की जनहितकारी पहलों की जानकारी आमजन तक पहुंचे। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से प्रशासन के साथ सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने की अपेक्षा भी की। प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने जिले की जनसमस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों से अवगत कराया।

पेंशनर महासंघ की नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक संपन्न



मंदसौर। सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मन्दसौर नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केन्द्र मन्दसौर पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रवणकुमार त्रिपाठी ने की । मंच पर जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद्र चन्द्रे, नगर उपाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा व डॉ. देवेंद्र पुराणिक उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ मंचासीन बन्धुओं ने भारत माता व सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया । बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमें नगर मे अभी तक हुई सदस्यता की जानकारी मोहल्ला इकाई के अध्यक्षों द्वारा दी गई। संगठनात्मक विषय पर चर्चा में वर्ष 2027 में जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन के पूर्व सभी मोहल्ला इकाइयों का मार्च 2027 तक पुनर्गठन करने का निर्णय लिया। बैठक में मोहल्ला इकाई से कोमल वाणवार, विष्णुलाल भदानिया, बालाराम धनगर, अजीजुल्ला खान, सुरेंद्र कुमार जोशी, प्रकाश जैन, प्रहलाद सोनी, भूपेन्द्र कुमार तिवारी, देवकीनंदन पालरिया, धर्मेंद्र शर्मा, भूपेश पाण्डे, सुरेशकुमार शर्मा, भोलाभारती सोनी, अम्बालाल चन्द्रावत, एस एन श्रीवास्तव, रमेश पुरोहित सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अशोक नागदा ने किया व आभार अजीजुल्ला खान ने माना। बैठक के अंत में नगरी इकाई के सचिव देवीलाल परमार के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गई।

6 से 7 हजार मकानों में 50 से 60 प्रतिशत त्रुटियां होने का ग्रामीणों का दावा

नाहरगढ़ में ड्रोन सर्वे के रिकॉर्ड में गड़बड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

ग्राम पंचायत नाहरगढ़ में ड्रोन सर्वे के आधार पर तैयार किए गए मकानों के रिकॉर्ड में कथित गड़बड़ियों का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निजी मकानों, प्लॉटों और मंदिरों तक को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर रिकॉर्ड की जांच कराने और त्रुटियों को सुधारने की मांग की है।



ग्रामीणों का दावा है कि नाहरगढ़ में करीब 6 से 7 हजार मकानों के रिकॉर्ड में 50 से 60 प्रतिशत तक त्रुटियां हैं। उनका कहना है कि सर्वे में संपत्तियों का विवरण सही तरीके से दर्ज नहीं होने से वास्तविक मालिकों को भविष्य में स्वामित्व और राजस्व संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मामले को जनसुनवाई में उठाए जाने के बाद अपर कलेक्टर ने शिकायतों की जांच कराने तथा दोबारा घर-घर जाकर सत्यापन करवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान पटवारी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर रिकॉर्ड में त्रुटियों की शिकायत सामने आने पर जनप्रतिनिधियों और जननेताओं को भी इस मामले में ध्यान देना चाहिए, ताकि समस्या का समय पर समाधान हो सके। अब प्रशासन की जांच और पुनः सत्यापन के बाद ही रिकॉर्ड में वास्तविक त्रुटियों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जनसुनवाई में अरुण भटनागर, ललित बोराना, गुड्डू मंसूरी, राकेश पंवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए होगी जिला स्तरीय बैठक

सीहोर। किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण और कृषि एवं कृषक हितों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श के लिए 30 अक्टूबर को जिला स्तरीय किसान संगठनों की समन्वय बैठक दोपहर 3:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, जिला सीहोर में कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें किसान संगठनों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा कर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। किसान संगठनों से अपेक्षा की गई है कि वे किसानों से संबंधित विभागीय समस्याओं एवं सुझावों को लिखित रूप में तैयार कर बैठक में उपस्थित हों, ताकि संबंधित मुद्दों पर प्रभावी चर्चा कर समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। बैठक में विद्युत, जल संसाधन, कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, नर्मदा घाटी विकास, पशुपालन एवं डेयरी सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रीन यूरिया के उपयोग की दी जानकारी

सीहोर। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सीहोर विकासखंड में ग्रीन यूरिया के उपयोग पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल के वैज्ञानिकों ने कृषि विस्तार अधिकारियों एवं किसान साथियों को ग्रीन यूरिया के उपयोग, महत्व और कृषि उत्पादन में इसकी उपयोगिता की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने ग्रीन यूरिया के उचित उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही कृषि तकनीकों की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने और किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया।

युवा संसद का आयोजन 4 नवंबर को होगा

सीहोर। मेरा युवा भारत केंद्र, सीहोर द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद का जिला स्तरीय आयोजन 4 नवंबर को प्रातः 11 बजे से शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय, सीहोर में आयोजित होगा। संसद का विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव निर्धारित किया है। इस आयोजन में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग लेकर निर्धारित विषय पर विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी बात रखने के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय चरण के लिए किया जाएगा, जहां वे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संसद के माध्यम से युवाओं को संसदीय कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय महत्व के विषयों को समझने के साथ ही अपनी वक्तृत्व कला एवं नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

कार्यों की मॉनिटरिंग और आतिशबाजी दुकानों के पंजीयन को लेकर हुई बैठक

पंजीयन के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

स्वामित्व रजिस्ट्री निष्पादन कार्यों की मॉनिटरिंग और दीपावली पर आतिशबाजी दुकानों के पंजीयन को लेकर हुई प्रशासन की अहम बैठक में की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आगामी दीपावली पर्व और स्वामित्व योजना के कार्यों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी सिलसिले में मंगलवार को आष्टा में बैठक आयोजित की गई। एडिशनल कलेक्टर सीहोर ब्रजेश सक्सेना की उपस्थिति में स्वामित्व रजिस्ट्री निष्पादन कार्य की मॉनिटरिंग एवं दीपावली पर आतिशबाजी दुकानों के पंजीयन को लेकर समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आष्टा महेंद्र प्रताप सिंह किरार, तहसीलदार श्री राम पगारे, अतिरिक्त तहसीलदार हेमंत अग्रवाल, नायब तहसीलदार संदीप गौर, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा

बैठक में एडिशनल कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे रजिस्ट्री कार्यों एवं पंजीयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत तैयार किए गए अधिकार अभिलेखों का शत-प्रतिशत रजिस्ट्री निष्पादन किया जाए। कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि का मालिकाना हक दिलाने की एक क्रांतिकारी योजना है, इसलिए इसके प्रति आमजन को जागरूक किया जाए। गांव-गांव में मुनादी और शिविरों के माध्यम से लोगों को पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी दी जाए ताकि वे समय पर अपनी रजिस्ट्री करा सकें। पटवारियों को अपने-अपने हल्कों में लोगों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

आतिशबाजी दुकानों के लिए सख्त निर्देश

इसके अलावा बैठक में आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए आतिशबाजी दुकानों के पंजीयन और लाइसेंस प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा की गई। एडिशनल कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आतिशबाजी दुकानों का पंजीयन नियमानुसार और पूरी सुरक्षा मानकों के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्थाई आतिशबाजी की दुकानें घनी आबादी से दूर, खुले मैदान में ही लगाई जाएं। दुकानों पर अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। बिना लाइसेंस के आतिशबाजी बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी दुकानदारों का वेरिफिकेशन भी कराया जाए ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, 2.26 लाख रुपये की मदिरा जब्त



सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण और क्रय-विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आबकारी विभाग ने तीन प्रकरण दर्ज कर बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि वृत्त भैरूंदा के ग्राम टिकरीखेड़ा, भीलवाखू एवं बगलीखेड़ा में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बुधनी/भैरूंदा द्वारा दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत तीन प्रकरण कायम किए गए। इस दौरान 18 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची मदिरा और 1900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 26 हजार रुपये बताया गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुंडल, आबकारी आरक्षक आकाश कोरी, सत्यवान वर्मा, शिखा व नगर सैनिक का सराहनीय योगदान रहा।

सचिन भंडारी बने जैन नवयुवक परिषद प्रदेश प्रभारी



जावर। मध्यप्रदेश इकाई के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा, समाजजनों एवं पत्रकार साथियों ने दी बधाई और शुभकामनाएँ। अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद की मध्यप्रदेश इकाई के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा गच्छाधिपति नित्य सेन सुरिश्वर महाराज के मंगल आशीर्वाद प्रदेश संगठन मंत्री रमेश धारीवाल, प्रदेश अध्यक्ष रजत कावड़िया व संगठन मंत्री सिद्धार्थ तलेसरा के नेतृत्व में की गई है। इसमें महिदपुर रोड के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार सचिन भंडारी को प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति से नगर सहित जैन समाज में हर्ष का माहौल है। परिषद के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि सचिन भंडारी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं को धर्म एवं संस्कारों से जोड़ने तथा परिषद की सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में भूमिका निभाएंगे। सचिन भंडारी को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर नगरवासियों, समाजजनों, इष्ट-मित्रों एवं पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

करियर सेमिनारः एआई, कोडिंग और साइबर सिक्योरिटी से संवरेगा विद्यार्थियों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और कंप्यूटर के क्षेत्र में उनके भविष्य को सुरक्षित व सफल बनाने के उद्देश्य से टैलेंट इनोवेटिव हायर सेकेंडरी स्कूल में करियर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य विषय एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टेक्नोलॉजी, कोडिंग, साइबर सिक्योरिटी और टेली एजुकेशन के माध्यम से ऑनलाइन टेस्ट व उनकी संभावनाएं था। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ओपन टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ हरेन्द्र सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर साइंस और आईटी क्षेत्र की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में एआई और साइबर सिक्योरिटी का क्षेत्र तेजी से बढ़ने वाला है। विद्यार्थी किस प्रकार कोडिंग और नई तकनीकों को सीखकर इस डिजिटल युग में अपने करियर को न सिर्फ सफल, बल्कि पूरी तरह सुरक्षित भी बना सकते हैं। स्कूल के प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए तकनीक के सही उपयोग और भविष्य में इन विषयों से जुड़ी अपार संभावनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं है, बल्कि तकनीकी रूप से कुशल होना समय की मांग है। इस विशेष अवसर पर पवन मेवाड़ा सर और गणेश दुबे सर सहित विद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। टैलेंट इनोवेटिव हायर सेकेंडरी स्कूल समय-समय पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहता है ताकि विद्यार्थी भविष्य में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना कर सकें और एक बेहतरीन करियर का निर्माण कर सकें। स्कूल की इस अनूठी और दूरदर्शी पहल की अभिभावकों (पालकों) ने मुक्त कंठ से सराहना की है।

अखंड ज्योत विसर्जन जुलूस में जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के नजरगंज स्थित श्री सोमवंशीय राम मंदिर परिसर में मां अम्बे महारानी गरबा महोत्सव के दो दिवसीय आयोजन के समापन के बाद मंगलवार को मां अम्बे महारानी की अखंड ज्योत का विसर्जन जुलूस गरबा महोत्सव समिति अध्यक्ष निखिल कुशवाह के नेतृत्व में श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण में निकाला गया। जुलूस में बैंड-बाजे, उज्जैन के प्रसिद्ध ढोल-नगाड़े, इंदौर की गरबा टीम, ब्यावरा का प्रसिद्ध बजरंग अखाड़ा तथा चलित हाथी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

संगीतमय भजनों और मां अम्बे के जयकारों से संपूर्ण नगर भक्तिमय हो उठा। परंपरा अनुसार मंगलवार को मोहित वेदमुथा परिवार द्वारा संध्याकालीन आरती की गई। इसके पश्चात विधि-विधान से मां अम्बे महारानी की अखंड ज्योत को जुलूस के रूप में रवाना किया गया। मां की दिव्य ज्योत के आगे मातृशक्ति एवं छोटी-छोटी कन्याएं गरबा करती हुई चल रही थीं। जुलूस मार्ग को गुलाब की पंखुड़ियों से सजाया गया था।

जगह-जगह श्रद्धालुओं ने मां अम्बे महारानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, कान्हा श्रीवास्तव, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, सुनील प्रगति, पल्लव प्रगति, अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, राजकुमार जायसवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भुरू मुकाती, कुशवाहा समाज पटेल जगदीश कुशवाहा, पटेल दलकिशोर कुशवाह, नारायण कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, पंकज यादव, अंशुल सोनी, नगर पुरोहित मनीष पाठक, डॉ. दीपेश पाठक, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र गंगवाल, जितेंद्र जैन, हर्ष गंगवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जुलूस में ब्यावरा के प्रसिद्ध बजरंग अखाड़े के कलाकारों ने अपने हैरतअंगेज प्रदर्शन से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उज्जैन के ढोल-नगाड़ों की गूंज, इंदौर की गरबा टीम की प्रस्तुतियां और चलित हाथी ने जुलूस की भव्यता को और बढ़ा दिया। मार्ग में मां अम्बे महारानी के जयकारों के साथ श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल होते रहे।

चल समारोह पुरानी सब्जी मंडी सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ अर्धरात्रि में मां पार्वती नदी तट पर पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं ने मां अम्बे महारानी की अखंड ज्योत के समक्ष संगीतमय आरती की तथा विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ ज्योत विसर्जन की प्रक्रिया संपन्न की। मां की दिव्य ज्योत के विसर्जन के समय वातावरण भावुक हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां अम्बे महारानी से अगले वर्ष पुनः पधारने की प्रार्थना करते हुए कहा हे मां अम्बे महारानी, अगले वर्ष जल्दी आना।" इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां से नगर एवं क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाली बनाए रखने की कामना की। आरती के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया।

मां अंबे के दरबार में चल रहा गरबा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम बमुलिया रायमल में मां अंबे के दरबार में चल रहे 5 दिवसीय गरबा महोत्सव की धूम मची हुई है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर मां के दरबार को भव्य रूप से सजाया गया है और प्रतिदिन सैकड़ों भक्त गरबा देखने पहुंच रहे हैं। इस वर्ष गरबा कार्यक्रम में विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है। जगह-जगह से आए हुए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। कलाकारों ने सिर पर मटकियां रखकर गरबा नृत्य, दीप गरबा एवं अन्य लोक कलाओं का अद्भुत प्रदर्शन कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल-मंजीरों की थाप पर पूरा गांव भक्तिमय हो उठा है।

पीढ़ियों से चल रही परंपरा

ग्रामीणों के अनुसार मां अंबे के दरबार में गरबा करने की यह परंपरा कई पीढ़ियों से चली आ रही है। भक्तों की मां के प्रति अटूट आस्था है। मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से यहां मन्नत मांगता है, मां अंबे उसकी हर मन्नत पूरी करती हैं।इस दौरान मां के दरबार में प्रतिरात्रि तुलादान का भी विशेष आयोजन किया जा रहा है। भक्त अपनी श्रद्धानुसार तुलादान कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

31 को होगी महाआरती

यह गरबा महोत्सव प्रतिवर्ष समस्त ग्रामवासी बमुलिया रायमल के सहयोग से आयोजित किया जाता है। आयोजन समिति के वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 अक्टूबर को मां अंबे की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। समिति ने आसपास के सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मां अंबे के दरबार में पधार कर दर्शन लाभ लें और रात्रि में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

योगासन प्रतियोगिता में सोनू और मोनू साकेत ने हासिल किया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के शासकीय मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीहोर का नाम रोशन किया है। बालाघाट में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा योगासन प्रतियोगिता में सोनू साकेत और मोनू साकेत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय और खेल जगत में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने योगासन के माध्यम से अपनी प्रतिभा, अभ्यास और कौशल का प्रदर्शन किया। उनकी इस सफलता पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन और खेल शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुणा पारे, जिला योग प्रभारी मनोज कुमार व्यास तथा विकासखंड योग प्रभारी आनंद कुमार चंदेल ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। इसी क्रम में शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य मीता सक्सेना, खेल शिक्षक शैलेन्द्र चौहान, सेंट मेरी स्कूल के प्राचार्य मनीष तिवारी, खेल शिक्षक कपिल मालवीय और योग शिक्षिका लम्बी चन्द्रवंशी ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार और खेल शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि दोनों विद्यार्थी भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

बाल आयोग अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित हुआ जिला स्तरीय शिविर

समस्या समाधान शिविर में 75 आवेदनों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा, सदस्य सोनम निनामा और अर्चना गुप्ता ने जिला पंचायत सभाकक्ष में बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई और निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 66 का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष 9 आवेदन आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजे गए। आयोग ने अधिकारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा कार्रवाई का प्रतिवेदन आयोग एवं जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश कुमार खरे ने बताया कि शिविर में शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, श्रम, आदिम जाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिकायतों का परीक्षण कर विभागीय अभिमत प्रस्तुत किया। व्यवस्थित सुनवाई के लिए चार डेस्क स्थापित किए, जिनके माध्यम से पंजीयन, शिकायतों का परीक्षण, सुनवाई, अभिलेख संधारण की प्रक्रिया संपन्न की।

आपदा मित्रों को भीड़ नियंत्रण का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राज्य शासन एवं होमगार्ड मुख्यालय के निर्देशानुसार होमगार्ड लाइन, सीहोर में 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को जिले के 125 आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला सीहोर की सीएसपी अभिनंदना शर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात को सुचारु रखने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी समन्वय स्थापित करने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। इसके बाद जिला चिकित्सालय, सीहोर से पधारे चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. आर. के. वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक उपचार, सीपीआर, सर्पदंश व अन्य आपातकालीन चिकित्सा सहायता के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में घायलों एवं पीड़ितों को समय पर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा मित्रों को आपदा एवं दुर्घटना के समय त्वरित सहायता प्रदान करने, जनसुरक्षा सुनिश्चित करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए सक्षम बनाना है। कार्यक्रम का संचालन कंपनी कमांडर अशोक पाटीदार एवं एएसआई सी.एस. चंदेरिया द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में सभी 125 आपदा मित्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।